हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 29 जून 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 सेवानिवृत कोल कर्मियों को रेंट पर मकान देने की योजना ठंडे बस्ते में




## खबर संक्षेप

### दादरखुर्द में आवास आबंटन हेतु पात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर आस अंतर्गत दादरखुर्द में निर्मित आवासगृहों के आबंटन हेतु 1008 पात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। साकेत भवन सहित निगम के सभी जोन कार्यालयों में उक्त सूची का अवलोकन किया जा सकता है, निगम द्वारा पात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर आबंटन के संबंध में आगामी कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।
नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया था, उक्त निर्मित आवासगृहों में से 986 आवासगृहों के आबंटन हेतु निगम द्वारा आवेदन पत्र मंगाए गए थे, निर्धारित समयावधि में 1784 आवेदन पत्र निगम को प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण इस हेतु गठित समिति द्वारा किया गया तथा पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची प्रकाशित कर दावा आपत्ति मंगाई गई थी, निर्धारित समय में प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया तथा 1008 पात्र हितग्राही पाए गए। इन पात्र हितग्राहियों की अंतिम पात्रता सूची निगम द्वारा प्रकाशित कर दी गई है। नगर साकेत भवन सहित निगम के समस्त जोन कार्यालयों में सूची का अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में मार्गदर्शन व समुचित जानकारी के लिए निगम कार्यालय साकेत के द्वितीय तल स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। निगम द्वारा योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर आवासगृहों के आबंटन हेतु आगामी कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

### नहीं बढ़ रहा है वाटर लेवल

# बांगो बांध के कैचमेंट में बारिश रोज आ रहा है दो एमसीएम पानी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश का सीजन शुरू होते ही किसानों का काम जोर पकड़ने लगा है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान भी आने लगी है तो वहीं दूसरी ओर बांगो डेम के केचमेंट इलाके में भी बारिश का असर देखने को मिल रहा है। केचमेंट इलाके में पानी आने से बांगो बांध में पानी आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिससे जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के भी चेहरे खिलने लगे हैं। पिछले तीन दिनों से बांगो बांध में लगभग दो एमसीएम पानी आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। पिछले वर्ष बारिश के दौरान में बांगो बांध में अच्छी बारिश हुई थी और बारिश के बाद बांध लबालब होने के करीब पहुंच गया था लेकिन लगातार किसानों को निस्तारी के लिए पानी देने की वजह से व हाइडल प्लांट को रफ्तार से चलाने की वजह से इस बार बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से गिरा था और लगभग 40 फ़ीसदी जा पहुंचा था। जिससे जल संसाधन विभाग के अधिकारी बारिश का इंतजार कर रहे थे। अब बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश शुरू हो गई है जिससे बांगो बांध में पानी आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। बताया जाता है कि पिछले तीन दिनों से बांगो बांध में कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश तो नहीं लेकिन बारिश का सिलसिला शुरू होते की बांध में लगभग दो एमसीएम पानी प्रतिदिन आने लगा है। पिछले तीन दिनों के दौरान लगभग 6 एमसीएम बांगो बांध में पानी आया है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार को बांगो बांध में लगभग 348.9 फ़ीसदी पानी था जो कुल जलभराव का 42 फीसदी पानी है जबकि हाइडल प्लांट को अभी भी संयंत्र को पानी देने के लिए 3 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे लगभग 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

#### खास बात

- प्रतिदिन 3 घंटे चल रहा है हाइडल प्लांट, 375 क्यूसेक छोड़ा जा रहा नदी में

#### पानी आने के बाद भी नहीं बढ़ रहा है वाटर लेवल

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश तो शुरू हो गई है और बांगो बांध में पानी आने का सिलसिला भी चल रहा है लेकिन जितना पानी बांध में आ रहा है उतना ही प्रतिदिन हाइडल प्लांट को संचालित किया जा रहा है। बांध में बने हाइडल प्लांट को 3 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे 375 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते बांगो बांध का वाटर लेवल बढ़ नहीं पा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों मुताबिक आने वाले दिनों में बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में और झमाझम बारिश होगी जिससे बांगो बांध का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ेगा ऐसी उम्मीद है।

#### पिछले साल 59 फ़ीसदी भरा हुआ था बांगो बांध

पिछले साल 28 जून की स्थिति में बांगो बांध में 352.39 मीटर पानी भरा हुआ था जो कुल जलभराव का 59 फ़ीसदी पानी है लेकिन इस बार जून महीने से ही बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फीसदी जा पहुंचा था। अब इस वर्ष बांगो बांध को भरने में लगभग 60 फ़ीसदी पानी लगेगा। अभी भी बांगो बांध लगभग 58 फ़ीसदी खाली है इसे भरने में एक लंबा वक्त लग सकता है और ऐसे भी स्थिति बन सकती है कि यदि बांगो बांध के केचमेंट इलाके में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इस बार बांध भरने की भी नौबत नहीं आएगी। हालांकि यह तो पूरा बारिश पर डिपेंड करेगा कि बांध भरेगा कि नहीं और गेट खोले जाएंगे कि नहीं यदि वाटर लेवल हाइडल प्लांट से भी मेंटेन नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर गेट खोलने की ही नौबत आती है।

# जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर के गांव अभी भी पहुंचविहीन


पसराखोला स्थित नाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर के गांव अभी भी पहुंच विहीन बने हुए हैं, जबकि रिकार्ड में ऐसे गांव नहीं है, जो शहर के नजदीक हैं और बरसात में वहां पहुंचना मुश्किल हो जाता है। जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम टापरा और सुआधार जाने के लिए परसाखोला नाला पार करना पड़ता है। नाले पर पुल निर्माण की मांग पुरानी है, जो केवल प्रस्ताव तक ही सीमित रह गई है।

जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत बेला के आश्रित ग्राम की श्रेणी में आने वाले वनांचल ग्राम टापरा और उससे लगा हुआ ग्राम सुआधार जिनकी आबादी 700 के बीच है। वहां तक पहुंचने के लिए जिला मुख्यालय से जाने वाले परसाखोला नाला पार करना पड़ता है। नाले पर पुल निर्माण के लिए एकीकृत परियोजना प्रशासक विभाग के मद से पुल निर्माण को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिस पर आज तक स्वीकृति नहीं मिली और आज तक दोनों गांव के ग्रामीणों के सामने बरसात के समय नाले को पार कर आवागमन करना कठिन होने के साथ ही खतरे से भरा नहीं रहता है। ग्राम पंचायत दोंदरों के अंतर्गत आने वाले टापरा व सुआधार पहाड़ के नजदीक होने के साथ वनों से अच्छादित है। रात के समय गांव से जिला मुख्यालय आने के लिए बरसात के समय मुश्किल हो जाता है। भरी बरसात में नाला पार करना ग्रामीणों के सामने एक चुनौती रहती है। ग्राम पंचायत बेला के द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर जनपद पंचायत कोरबा को भेजा गया है, इस पर स्वीकृति मिलना बाकी है। पिकनिक स्पॉट होने के कारण यहां हमेशा भीड़ रहती है। शहर के लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं जिनमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं, किंतु इसके बावजूद इस समस्या की ओर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं गया। यही कारण है कि स्थिति जस की तस बनी हुई है।

#### अभी तक नहीं हुआ सर्वे

जनजाति सर्वे में जाने वाले अधिकारियों की टीम जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित विशेष पिछड़ी संरक्षित जनजाति तक पहुंची और वहां पहुंचमार्ग व पुल-पुलिया निर्माण की योजना तैयार की गई, किंतु जिला मुख्यालय से महज 30 किलोमीटर दूर तक का गांव पहुंच विहीन है इस पर जानजाति क्षेत्रों के सर्वे करने जाने वाली टीम की नजर नहीं पहुंची या इन क्षेत्रों तक टीम भी नहीं पहुंची। एकीकृत परियोजना कार्यालय द्वारा जिन संरक्षित जनजाति क्षेत्रों का विकास के लिए रोड मैप तैयार किया गया है उस सूची में ये दोनों गांव नहीं है।











# 'गेम चेंजर' की 10 दिन की शूटिंग बाकी...

**मुंबई।** राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज की तारीख से अभी तक परदा नहीं उठ पाया है। इस फिल्म पर तीन साल से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक शूटिंग पूरी नहीं हो पाई। इस वजह से राम चरण के फैंस इसका इंतजार करते-करते थक से गए हैं। इसी बीच, अब फिल्म के निर्देशक की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एक साक्षात्कार में 'गेम चेंजर' का निर्देशन कर रहे शंकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब 10 दिन की शूटिंग और बची है। शंकर इन दिनों अपनी एक और फिल्म 'इंडियन 2' के प्रचार में व्यस्त में हैं।

लाइफ Style

# सोनाक्षी

## शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी का 2 साल पुरानी एक पोस्ट भी वायरल हो रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी, जहीर इकबाल को 2 साल पहले ही अपना पति मान चुकी थीं। दोनों ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी। फिलहाल, इस पर साफ तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो हुई है कि सोनाक्षी और जहीर की सगाई दो साल पहले हुई थी या नहीं। लेकिन इस समय दोनों अपनी शादी को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। लोग उनकी शादी को लव जिहाद बताकर उन्हें धमकी दे रहे हैं। कुछ तो इसे हिंदू धर्म का अपमान बता रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी, ऐसा ये बात हम नहीं कह रहे हैं, ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सोनाक्षी की पोस्ट पर यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, रेडिट पर एक यूजर ने सोनाक्षी की 2 साल पहले की एक पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट में एक्ट्रेस अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ये अगूंठी एक्ट्रेस ने शादी के समय भी पहन रखी थी। एक्ट्रेस की इसी पोस्ट पर यूजर दावा कर रहे हैं कि सोनाक्षी और जहीर दो साल पहले ही सगाई कर चुके थे। रेडिट यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट शेयर की जो खुद एक्ट्रेस ने 2 साल पहले डाली थी। 8 मई, 2022 को शेयर की गई, इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'मेरे लिए बहुत बड़ा दिन! यकीन नहीं हो रहा मेरा सपना सच हो रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग से ब्रेक लेकर निक से मिलीं

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड की देसी गर्ल अब हॉलीवुड में भी मशहूर हो चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के लिए वे ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं। वहीं, अभिनेत्री ने अपने इंस्टग्राम हैंडल से अपनी कुछ तस्वीरों को साझा किया है। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे शूटिंग से ब्रेक लेकर अपने पति निक और अपने परिवार से मिली हैं। प्रियंका ने एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वे ग्रीन ड्रेस में अपने पति निक संग क्वालिटी समय बिताती नजर आ रही हैं।



# एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में ड्वेन जॉनसन और क्रिस इवांस मुख्य भूमिका में हैं। 'जुमांजी रीबूट' के निर्देशक जेक कासदन ने फिल्म का निर्देशन किया है। क्रिस मॉर्गन ने हीराम गार्सिया की कहानी पर आधारित फिल्म की पटकथा लिखी है। निर्माताओं में हीराम गार्सिया, डैनी गार्सिया, जॉनसन, मॉर्गन, कसदन और मेल्विन मार शामिल हैं। 'रेड वन' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में जॉनसन और मार्वल स्टार क्रिस इवांस के बीच रोमांचक टीम-अप दिखाया जाएगा, जिसमें जॉनसन ई.एल.एफ. के कमांडर कैलम ड्रिफ्ट के किरदार में होंगे।



# मेरे बयान को गलत पेश किया जा रहा ...

**नई दिल्ली।** दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ-कुछ होता है जैसी फिल्मों में दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल शाहरुख खान संग काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया कि शाहरुख और सलमान के साथ उनका यादगार रिश्ता है। एक्ट्रेस ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनका शाहरुख से संपर्क टूट गया है, क्योंकि उनका नंबर बदल गया था। वह फिर से शाहरुख से जुड़ना चाहती है। लेकिन सेक्रेटरी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। 'मैने सिर्फ इतना कहा कि मेरे पास जो नंबर है, वो शायद पुराने हैं। फरीदा जलाल ने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान से संपर्क टूटने के अपने बयान को गलत बताया है। जो कुछ लिखा जा रहा है वो गलत है। मैंने तो सिर्फ ये कहा था कि उनका नंबर बदल गया होगा।



# अंडमान में चल रही है सूर्या-44 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** इन दिनों अभिनेता सूर्या अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इनमें एक है- 'कंगुवा' और दूसरी है अस्थाई शीर्षक वाली- 'सूर्या 44'। दोनों ही फिल्मों पर आए दिन नई-नई जानकारी मिल रही है और इसी सिलसिले में इस बार 'सूर्या 44' पर नया अपडेट सामने आया है। 'सूर्या 44' को इन दिनों अंडमान में शूट किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई के पहले हफ्ते तक अंडमान लोकेशन का शेड्यूल का काम खत्म कर लिया जाएगा। इसके बाद फिल्म की टीम ऊटी जाएगी, जहां इसके अगले शेड्यूल की शूटिंग को लेकर योजना बनाने का काम चल रहा है। 'सूर्या 44' से जुड़ी एक जानकारी यह भी है कि इसके दो गानों को शूट कर लिया गया है। 'सूर्या 44' का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज द्वारा किया जा रहा है।

## टीवी मसाला



# केबीसी 16 के नए प्रोमो के साथ टीवी पर लौटे बिग बी

**नई दिल्ली।** चर्चित क्विज शो केबीसी के जरिए बिग बी एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं। इस शो का 16वां सीजन आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 16 का नया प्रोमो जारी हो गया है और इसमें बिग बी एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते दिख रहे हैं, 'जिंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा!' इस शो में अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछते नजर आते हैं। सवाल पूछने के साथ-साथ वे अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम रोचक किस्से भी सुनाते हैं। यह पारिवारिक शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है और हर सीजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शो के नए सीजन को लेकर भी यही उत्सुकता है। अब शो का प्रोमो आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोमो एक या दो नहीं, बल्कि तीन आए हैं। सोनी की तरफ से जारी किए गए तीनों प्रोमो में दिखाया गया है कि आप जीवन की किसी भी स्थिति में हों, कुछ भी फैसला करें, समाज आपसे सवाल करेगा और आपको जवाब देना होगा। अमिताभ बच्चन भी तीनों प्रोमों के आखिर में यही टैगलाइन बोलते दिख रहे हैं।


## राखी ने की उर्फी की खिंचाई
### कहा- जब अनुभव नहीं है तो मत बोलो

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के अरमान मलिक और कृतिका मलिक और पायल मलिक के साथ उनके एक से ज्यादा शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है। एक तरफ जहां मनोरंजन जगत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस कदम के लिए अरमान की आलोचना की है। वहीं कुछ दिन पहले, उर्फी यूट्यूबर के समर्थन में सामने आईं और कहा कि अरमान और उनका परिवार उन सबसे अच्छे लोगों में से हैं, जिन्हें उन्होंने जाना है और बहुविवाह अभी भी मौजूद है। अगर वे तीनों एक साथ खुश हैं, तो उन्हें अपने इस फैसले पर रहने दिया जाना चाहिए। उर्फी के इस बयान की राखी सावंत ने खूब आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह शादीशुदा नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। राखी ने यह भी कहा कि अरमान की पहली पत्नी पायल बिल्कुल भी खुश नहीं है।



# 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का भयानक लुक...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। पहले ये फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली थी। अब क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण धवन के फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन'की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'' यह खून-खराबा और भी खूनी होने वाला है। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर



रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी. साथ ही फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। वरुण धवन ने पिता बनने के बाद बड़ा कदम उठाया है।

जब से उनके घर में बेटी का आगमन हुआ है, तब से वह दूसरे अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की बारे में भी सोच रहे हैं।

# शाहरुख की फिल्म से किया डेब्यू फिर 1 झटके में छोड़ दिया बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करना हर किसी का सपना होता है, चाहे वो एक्टर हो या फिर एक्ट्रेस। लेकिन एक ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू कर बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अमीर बिजनेस से शादी रचाकर अपना घर बसा लिया। बहुत कम ऐसा होता कि किसी को शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू करने का मौका मिले। लेकिन जो किंग खान के साथ कोई फिल्म कर लेता है, तो उसकी किस्मत चमक उठती है। दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस ने शाहरुख की फिल्मों से डेब्यू किया और फिर सिनेमा की दुनिया में छा गईं। आज हम आपको एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म में करने के बाद बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उनका नाम है गायत्री जोशी।

## अमीर बिजनेसमैन से शादी कर बसा लिया घर

गायत्री जोशी ने 2004 में रिलीज हुई 'स्वदेस' फिल्म एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसमें वह शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं। वैसे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, लेकिन क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिली थी। कई क्रिटिक्स ने 'स्वदेस' को शाहरुख खान के करियर की बेस्ट फिल्म बताया और साथ उनकी एक्टिंग की तारीफ में कसीदे भी पढ़े। फिल्म में गायत्री की अदाकारी की भी प्रशंसा हुई, लेकिन उनका करियर बहुत छोटा साबित हुआ। फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। गायत्री जोशी ने महज 27 साल की उम्र में सिनेमा की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया था। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि वह अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थी। साल 2005 में उन्होंने अमीर बिजनेसमैन विकास ओबेरॉय के शादी रचाई और फिर कभी एक्टिंग की तरफ मुड़कर नहीं देखा। गायत्री जोशी के पति विकास ओबेरॉय एक अरबपति बिजनेसमैन हैं, जो एक समय में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक थे।




## दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं कई भूमिकाएं

# 'कल्कि 2898 एडी' ही नहीं, इन फिल्मों में भी कमाल कर चुके हैं कमल हासन

*__मुंबई।__ नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसमें प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के अलावा कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में कमल हासन विलेन सुप्रीम यास्किन के रोल में हैं। कमल हासन का सिनेमा की दुनिया में अलग कद है। यूं तो वे साउथ सिनेमा से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं है। उनके अभिनय का कमाल है कि कई भूमिकाएं दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं।*

### एक दूजे के लिए ( 1981)

'एक दूजे के लिए' कमल हासन की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी। इसमें उनके अपोजिट रति अग्निहोत्री नजर आईं। फिल्म 'ब्लॉकबस्टर'साबित हुई थी, जिसने कमल हसन को हिंदी पट्टी में रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इसकी कहानी एक साउथ इंडियन आदमी पर आधारित है, जिसे एक नॉर्थ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कमल हासन धाराप्रवाह हिंदी बोलते नजर आए।





### सदमा (1983)

फिल्म 'सदमा', तमिल फिल्म 'मूंद्रम पिराई' का हिंदी वर्जन थी। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए। इसकी मूल फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए हासन को 'नेशनल अवार्ड'मिला था। इसमें एक आदमी और मेंटली चैलेंज लड़की के बीच रोमांस दिखाया गया है। इसमें एक आदमी एक लड़की को वेश्यालय से बाहर लाता है। ब्रेन इंजरी के चलते याददाश्त गुम हो जाने के चलते वह एक 6 साल की लड़की की तरह व्यवहार करने लगती है।

### अप्पू राजा (1989)

इस फिल्म में कमल हासन ने 'अप्पू'का किरदार निभाया। फिल्म की कहानी में एक सच्चे पुलिस अफसर (कमल हासन) को एक क्रिमिनल के गैंग को टारगेट करने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह उस पुलिस अफसर को मार देते हैं और उसकी पत्नी को जहर दे देते हैं। वह दो जुड़वा लड़कों को जन्म देती है, जो बचपन में बिछड़ जाते हैं। दो भाई में से एक 'अप्पू' (कमल हासन) सर्कस का जोकर बन जाता है और दूसरा 'राजा'(कमल) एक मैकेनिक है। बाद में अप्पू को अपने पिता की हत्या के बारे में पता चलता है और वो उन हत्यारों से बदला लेने का प्लान बनाता है।



### सागर (1985)

साल 1985 में आई ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया और कमल हासन अभिनीत यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो सुपरहिट रही। इसके लिए कमल हासन को 'बेस्ट एक्टर' का 'फिल्मफेयर अवॉर्ड'भी मिला था। फिल्म में एक मछुआरा 'राजा'एक लड़की 'मोना'से गुपचुप तरीके से प्यार में होता है। जब एक अमीर आदमी रवि अपनी दादी कमलादेवी के साथ रहने के लिए आता है, तो वह मोना को देखता है और उसे उससे प्यार हो जाता है। मोना के मन में भी भावनाएं उमड़ आती हैं। राजा को ये पता चलने के बाद उसका दिल टूट जाता है, लेकिन जब कमलादेवी को इस बारे में पता चलता है, तो वह मोना पर रवि को छोड़ने का दबाव डालने लगती हैं। 'सागर' को भारत की तरफ से 1985 में 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' कैटिगरी में ऑस्कर के लिए भेजा गया था।



## खबर संक्षेप

### बरेठ धोबी समाज के सम्मान समारोह कल

**कोरबा।** बरेठ धोबी समाज सेवा समिति द्वारा संभाग के शक्ति जिला परिक्षेत्र डभरा नगर पंचायत के दशहरा मैदान में छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह एवं संत शिरोमणि गाडगे महाराज की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोरबा परीक्षेत्र एवं इकाई से सामाजिक बंधु आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो और कार्यक्रम को सफल बनाने।

### गोर्खाली समाज ने काशीराम के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**कोरबा।** रजगामार निवासी काशीराम सोनी ब्रेन हेमरेज की बीमारी से पीड़ित थे और उनका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा था, किन्तु ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्व.काशीराम सोनी के ईलाज के लिए प्रांतीय गोर्खाली समाज प्रदेश के द्वारा समाज के लोगों ने चन्दा एकत्रित किया गया था। प्रांतीय गोर्खाली समाज छत्तीसगढ़ की प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीमती निर्मला सोनी व जिलाध्यक्ष कोरबा शंकर पुरी ने स्व.काशीराम सोनी के छोटे बेटे अरुण सोनी व उनकी बड़ी बेटी श्रीमती सुनीता सोनी को 13 हजार रूपये दिया गया। इस दौरान समाज के प्रांतीय अध्यक्ष केबी गौतम, समाज के कार्यकारिणी सदस्य भीम सोनी, राम बहादुर गौतम सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ मिला उप पंजीयक से



**कोरबा।** जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरबा के नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात संघ के पदाधिकारी के द्वारा उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा श्रीमती पूर्णिमा सिंह एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा एसके जोशी से सौजन्य मुलाकात कर कर्मचारी भाइयों की अपनी आने वाली समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात रखी है। मुलाकात के समय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद भट्ट, सचिव तुलेश्वर कौशिक, उपाध्यक्ष अशोक दुबे, प्यारेलाल साहू, संरक्षक चंद्रेश कश्यप, वेद प्रकाश वैष्णव, डाकेश्वर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष पाली लता सिदार, सविता कंवर एवं कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष दुलीचंद धीवर उपस्थित रहे।

### केएन कॉल में आयोजित कैम्पस सेलेक्शन में 32 अभ्यर्थियों ने दिया साक्षात्कार

**कोरबा।** कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा



के प्लेसमेंट सेल द्वारा शुक्रवार को कैम्पस सेलेक्शन आयोजित किया गया। दोपहर ढाई बजे से आयोजित किए गए इस चयन शिविर में इंश्योरेंस कंपनी के अफसर और प्रतिनिधियों ने विभिन्न पैमानों के आधार पर अभ्यर्थियों की प्रतिभा का आंकलन किया। यूनिट मैनेजर की पांच पोस्ट के लिए कमला नेहरु महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले 32 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लेकर अपनी योग्यताओं का प्रदर्शन किया है। इस कैंपस इंटरव्यू के नतीजे जल्द जारी किए जाएंगे। हाल ही में स्नातक के विभिन्न संकायों में अंतिम वर्ष की परीक्षाएं पूर्ण हुई और नतीजे भी जारी हुए। वर्तमान में सेमेस्टर परीक्षाओं का दौर शुरु हो चुका है। साथ ही नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की प्रक्रिया भी जारी है। इस बीच शुक्रवार को आदित्य बिरला कैपिटल हेल्थ इंश्योरेंस कोरबा शाखा के सहयोग से महाविद्यालय में कैम्पस इंटरव्यू रखा गया। कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के दिशा-निर्देश में यह कैम्पस इंटरव्यू कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

### शहर के सभी स्कूलों में पदस्थ है पीटीआई, उसके बाद भी नहीं सामने आ रहे खिलाड़ी

# पांच साल से सुब्रतो कप फुटबाल में नहीं आ रहीं सरकारी स्कूल की टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सरकारी स्कूलों की स्थिति खेल में भी संतोषजनक नहीं है। स्कूलों में खेल शिक्षक की पदस्थापना होने के बावजूद भी फुटबाल जैसे खेल के लिए बीते पांच साल से किसी भी सरकारी स्कूल से फुटबाल की टीम सामने नहीं आ रही है। शालेय खेल कैलेंडर के तहत गुरूवार को आयोजित हुई सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता में केवल निजी स्कूल की टीम ही भाग ले सकेगी।

शालेय खेलकूद का आयोजन शिक्षण सत्र शुरू होने के साथ ही सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता होता है। जिसमें सभी शासकीय और निजी स्कूलों की बालक बालिका की टीम में भाग लेती हैं। जिले में सरकारी स्कूलों की संख्या डेढ़ हजार से अधिक है। मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी के छात्र टीम गेम में भाग लेते हैं। जिनके लिए सभी स्कूलों से अलग अलग खेलों की टीम तैयार की जाती है, जो टीम गेम प्रतियोगिता में भाग लेती है। सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता जिसमें सभी सरकारी व निजी स्कूलों की टीम भाग लेती है। बीते 27 जून को बालको अंबेडर स्टेडियम में सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर भाग लेने के लिए जिले से स्कूलों की टीम तैयार करने के लिए चयन प्रतियोगिता रखी गई थी। इस प्रतियोगिता में जिले के किसी भी सरकारी स्कूलों की टीम भाग नहीं ली। जब इसकी हकीकत पता किया गया तो यह जानकारी सामने आई कि पांच वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। जिले के किसी भी सरकारी स्कूल से बालक फुटबाल की टीम सामने नहीं आ रही है, जिसमें शहर के स्कूल भी शामिल है। जहां पीटीआई पदस्थ हैं और उनके द्वारा किस तरह खेल के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है यह इसी से पता चलता है कि जिस स्कूल में पदस्थ है उस स्कूल के टीम 5 साल से खेल में भाग नहीं ले रही है।



प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ी।

#### सरकारी वेतन और खानापूर्ति

शहर और ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में पदस्थ व्यायाम शिक्षकों की पदस्थापना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सरकार से मिलने वाले लंबे चौड़े वेतन लेने वाले व्यायाम शिक्षक (पीटीआई) फुटबाल की टीम तैयार नहीं कर पा रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि शासकीय स्कूलों में पदस्थ पीटीआई सरकार से वेतन तो लेते हैं, लेकिन खेल के नाम पर केवल खानापूर्ति करते आ रहे हैं। फुटबाल के लिए टीम तैयार न होना उसके बाजवूद शिक्षा विभाग के द्वारा इन पीटीआईयों पर संज्ञान नहीं लिया जाता कि आखिर इनकी स्कूलों से फुटबाल की टीम क्यों नहीं निकल रही है।

#### शिक्षकों पर कार्यवाही, पीटीआई पर रहम

किसी भी स्कूल के शिक्षक अगर देर से स्कूल पहुंचते हैं या फिर बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं या फिर परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहता तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर शोकाज नोटिस जारी कर दी जाती है। कभी वेतन वृद्धि रोक दी जाती है, लेकिन उन्हीं स्कूलों में पदस्थ पीटीआई जिनके द्वारा खिलाड़ियों की टीम नहीं तैयार की जाती उन पर न कोई नोटिस जारी होती है और न कोई वेतन वृद्धि रोकने जैसी कार्यवाही होती है। इससे जाहिर होता है कि शिक्षकों की तुलना में खेल शिक्षकों के ऊपर रहम बरता जाता है।

## परिसीमनकर्ताओं की गलती ने गांव को दो वार्ड और जोन में किया विभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दादरखुर्द ग्राम विकास समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वार्ड परिसीमन के कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को मौका स्थल में जाकर सीमा तैयार करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया की उपस्थिति अनिवार्य करने और ग्राम दादरखुर्द को एक अलग वार्ड करने की मांग की है।

दादरखुर्द ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कृष्णा द्विवेदी ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वार्डों का परिसीमन कार्य में संबंधित कर्मचारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किए बिना ही निगम के नक्शे में ही चतुर्सीमा तैयार कर वार्ड का विभाजन कर दिया जाता है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम दादरखुर्द है जो कि अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही राजस्व ग्राम है। वर्तमान में नगर निगम द्वारा गांव के नाम को ही विलोपित करते हुए सम्पूर्ण गांव के बस्ती के अंदर को ही दो भागों में बांटकर वार्ड क्रमांक 30 एवं वार्ड क्रमांक 31 कर दिया गया है। इसके परिणाम स्वरूप वॉर्ड का सम्पूर्ण विकास बाधित हो गया है। एक गांव, एक बस्ती, एक मोहल्ला को दो भागों में बांट देने का खामियाजा विगत 15 वर्षों से ग्राम दादरखुर्द भुगत रहा है। गांव को दो हिस्सों में बांटने के साथ-साथ निगम द्वारा ग्राम दादरखुर्द को दो जोन कोसाबाड़ी एवं निहारिका जोन में भी बांट दिया गया है। काफी पुराना राजस्व ग्राम होने के बावजूद भी नगर निगम की लापरवाही के कारण गांव का नाम निगम क्षेत्र से विलोपित कर दिया गया है। उक्त संबंध में कई बार आवेदन दिया गया किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी। वर्तमान परिसीमन के अंतर्गत कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि राजस्व ग्राम दादरखुर्द के परिसीमन के समय ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य करते हुए उक्त कार्य को निष्पादित करें ताकि गांव का विकास कार्य बाधित न हो। वर्तमान परिसीमन में ग्राम दादरखुर्द को एक अलग वार्ड बनाते हुए सारी विसंगतियों को दूर करने की कार्रवाई की जाए।

#### निकाय चुनाव से पहले वार्डों का होना है परिसीमन

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। शासन के निर्देशानुसार वार्डों में पिछले 5 वर्षों में बढ़ी आबादी के आधार पर नये सिरे से परिसीमन किया जाना है जिससे निश्चित तौर पर वार्डों की संख्या भी बढना संभावित है। ऐसे में परिसीमन के दौरान सावधानी बरते जाने की आवश्यकता है ताकि दादरखुर्द जैसी समस्या न होने पाये।

## युवा शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार को कोरबा में नेशनल यूथ फोरम का आगाज हुआ। इसमें स्काउटिंग के नौ राज्यों से रोवर्स, रेंजर्स की भागीदारी हो रही है। मुख्य अभ्यागत कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा 26 से 30 जून तक नेशनल यूथ फोरम का आयोजन स्याहीमुड़ी स्थित एजुकेशल हब में किया जा रहा है। इसमें स्काउटिंग के नौ राज्य गोवा, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, दक्षिण रेलवे चेन्नई, साउथ ईस्टर्न रेलवे पश्चिम बंगाल, ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, नार्थ फ्रंटटियर रेलवे असम से चार सौ रोवर्स, रेंजर्स (युवाओं) तथा स्टॉफ की भागीदारी हो रही है। नेशनल यूथ फोरम की मेजबानी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, कोरबा, छत्तीसगढ़ द्वारा की जा रही है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा के प्रभारी मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन तथा राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के दिशा निर्देश पर नेशनल यूथ फोरम की तैयारी की गई है। बुधवार को असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ नेशनल यूथ फोरम की औपचारिक शुरुआत हुई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमें सीखने को मिलता है और स्वंय का विकास होता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति की बदौलत ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देखा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने स्काउटिंग मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में संचालित शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों में रोवर, रेंजर की इकाई प्रारंभ करने पहल की गई है। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत, कोरबा सीईओ संबित मिश्रा ने युवाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि कॅरियर निर्माण में नेशनल यूथ फोरम की गतिविधियां अहम भूमिका निभाएंगी। एसीबी इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक, प्रशासन कैप्टन एके सिंह ने भी अपना संबोधन दिया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की असिस्टेंड डायरेक्टर (सेंट्रल रीजन) व लीडर ऑफ कोर्स सुश्री शिवांगी सक्सेना ने स्वागत उद्बोधन देते हुए नेशनल यूथ फोरम के संदर्भ में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त (आयुक्त) तामेश्वर उपाध्याय, प्राचार्य द्वय डा. संजय गुप्ता, विवेक लांडे भी मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह का संचालन स्टेट कोऑर्डिनेटर (मेम्बरशिप ग्रोथ) एवं जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने किया।



विधायक श्री पटेल का स्वागत करते।

## पैरालीगल वांलिटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के प्लान आफ एक्शन में एक दिवसीय पैरालीगल वालिंटियर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना अनुदेशित है, उक्त परिपालन में अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्षता में 27 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर, जिले के जिला एवं तालुका स्तर के समस्त पैरालीगल वालिंटियरों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

उक्त समीक्षा बैठक में श्री साहू के द्वारा पैरालीगल वालीण्टियर्स के कार्य एवं उनके कार्यक्षेत्र के संबंध में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए उपस्थित समस्त पैरालीगल वालिंटियर को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त का जिला एवं तालुका स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए तथा 13 जुलाई को राष्ट्र स्तर पर आयोजन किये जा रहे नेशनल लोक अदालत का जिला एवं तालुक स्तर के समस्त पिछडे.ग्रामों, दुर्गम स्थलों में प्रचार-प्रसार किया जा कर आमजनों को उक्त नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लिए जाने हेतु प्रेरित करें। कु0 डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा पैरालीगल वालिंटियर को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त पैरालीगल वालिंटियर नालसा के प्लान आफ एक्शन 2024-25 में दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरसह पालन करते हुए समस्त विधिक गतिविधियां जैसे नालसा के समस्त 11 योजनाओं का आमजनों के बीच विधिक जागरूकता शिविर तथा विधिक जानकारी निहित पाम्पलेटों के माध्यम से जागरूकता लाना, बच्चों तथा वरिष्ठजनों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता हेतु वृद्धाश्रम तथा विद्यालयों में जाकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर जारूकता का आयोजन करें तथा उक्त संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करे।



प्रशिक्षण में उपस्थित पैरालीगल वालिंटियर।

## पाली के किसानों को किया गया बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कृषि विभाग पाली द्वारा ग्राम पुलालीकला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत श्रीविधि धान का प्रदर्शन पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम के मुख्य अतिथि और विजय बहादुर जगत जिला पंचायत सदस्य, नारायण सिंह राज सभापति कृषि स्थाई समिति पाली की उपथिति में बीज वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में विधायक द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कृषकों को उन्नत तकनीक अपनाकर खेती करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य द्वारा किसानों को प्रमाणित बीज और संतुलित खाद का उपयोग करने की सलाह दी गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलदीप सिंह मरकाम विधायक प्रतिनिधि, उमाशंकर कश्यप विधायक प्रतिनिधि, श्रीमती जामबाई श्याम विधायक प्रतिनिधि, जीपी डिकसेना वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाली, एके मरकाम एवं अजय सिंह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा ग्राम पुलालीकला, नवापारा और नानपुलाली के कृषकगण कार्यक्रम में उपस्थित थे।



#### धनरास में बीज का किया गया वितरण

ग्राम पंचायत भवन धनरास कटघोरा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जनपद उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, कृषि स्थायी समिति के सभापति बैसाखू राम यादव और सरपंच श्रीमती मनटोरी बाई कंवर की गरिमामयी उपस्थिति में आत्मा एवं आरकेवीवाई योजनांतर्गत कोदो बीज एवं एसएमएसपी योजनांतर्गत अरहर बीज का वितरण किया गया।

### मोबलिंचिंग के विरोध में यूथ मुस्लिम कमेटी ने निकला मौन जुलूस

**कोरबा।** यूथ मुस्लिम कमेटी कोरबा के द्वारा आरंग में हुई मोबलिंचिंग की घटना के विरुद्ध को सुभाष चौक में निहारिका में मौन जुलूस निकाल कर दोषियो के विरुद्ध गैर जमानती धारा के तहत अपराध दर्ज कर फांसी की सजा की मांग की गई। इस आशय का पत्र राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर कोरबा को सौंपते हुए कमेटी ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के आरंग में रायपुर-महासमुंद सीमा पर जघन्य घटना गौ रक्षा के नाम पर घटी। जिसमें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी सद्दाम कुरैशी, गुड्डु खान एवं चांद मिया खान को मावेशी (भैंस) लेकर जाने के दरमियान महानदी के पुल के ऊपर एक भीड़ ने घेर लिया और इस भीड़ ने भारत देश के लोकतंत्र, संविधान, नियम कानून को दरकिनार करते हुए कानून अपने हाथ में लेते हुए तीनों युवकों से मारपीट करते हुए उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

## कोरबा से कुसमुंडा रोड भ्रष्टाचार की चढ़ी भेट: सीपीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद द्वारा कुसमुंडा शिव मंदिर के समीप एक दिवसी धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि कोरबा से कुसमुंडा तक रोड भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गया है।

सीपीआई के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा लगातार कोरबा से कुसमुंडा सड़क की जन समस्याओं को उठाया जा रहा है। जैसे कोरबा से कुसमुंडा तक रोड निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है एवं जो रोड बना है वह जगह-जगह क्रेक हो गया है उसकी गुणवत्ता की जांच की जाए। इस रोड पर कोयला, राखड़ का परिवहन भारी वाहनों द्वारा किया जाता है, जिससे सड़क पर कोयला, राखड़ गिरने से धूल एवं डस्ट से सामान्य जनजीवन अत्यंत प्रभावी हो रहा है तथा वृद्ध एवं बच्चे अत्यंत प्रभावित हो रहे हैं उनकी स्थिति दयनीय हो रही है तथा सड़क किनारे रहने वालों की भी परेशानी है एवं सड़क पर छोटे वाहनों से चलने वालों को हमेशा दुर्घटना होने का स्थिति बना रहता है। सर्वमंगला चौक पर काफी घुमावदार सड़क का निर्माण हो रहा है जिससे भविष्य में काफी दुर्घटना का समस्या बना रहेगा।

### सर्पदंश से राजमिस्त्री की मौत, मर्ग कायम

**राजपुर।** सांप काटने से मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। करजी निवासी 30 वर्षीय भारत आ. सोहर पहाड़ी कोरवा व परसागुड़ी निवासी श्रीराम लोहार डिगनगर निवासी शिवनाथ पहाड़ी कोरवा के घर मिस्त्री का काम करने गए हुए थे।

### प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षा हेतु केंद्राध्यक्षों की ली बैठक

# परीक्षा में न हो कोई चूक, गोपनीयता का करें पूरा पालन: वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्री बीएड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा के संबंध में व्यापमं द्वारा जो भी दिशा-निर्देश है उसका पालन करते हुए केंद्र में आवश्यक व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु बनाए गए मार्गदर्शन केंद्र के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 30 जून को आयोजित होने वाली प्री बी-एड एवं प्री डीएलएड परीक्षा के संबंध में नोडल अधिकारी सहित केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा हेतु संबंधित केंद्रों में आवश्यक तैयारी सुनिष्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का कार्य विश्वसनीयता, गोपनीयता और गंभीरता से जुड़ा होता है। इस कार्य में किसी प्रकार की चूक व लापरवाही न की जाए। परीक्षा का संचालन दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए संपन्न किया जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नोडल अधिकारी विकास चौधरी, परीक्षा समन्वयक डॉ.श्रीमती साधना खरे उपस्थित थीं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली 10 बजे से 12.15 बजे तक तथा द्वितीय 2 बजे से 4.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 34 परीक्षा केंद्रों पर 11 हजार 981 एवं द्वितीय पाली 43 परीक्षा केंद्रों में 14 हजार 884 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है। मार्गदर्शन केंद्र का दूरभाष नंबर 07759-221458 है।

#### निर्धारित केंद्र पर परीक्षार्थियों को पहुंचने के दिए गए निर्देश

कलेक्टर ने प्री बीएड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा के परीक्षार्थियों को समय पर निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र को एक दिन पूर्व जांच कर लें। परीक्षा दिवस में अन्य केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा देने नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से उपस्थिति देनी होगी। ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने स्वयं से सह लेखक का विकल्प चयन किया है उन्हें सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता से एक स्तर नीचे का होना चाहिए। अभ्यर्थी के समान या उससे ऊपर के स्तर के सह लेखक लाए जाने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो स्पष्ट नहीं है उन्हें अपने साथ दो पासपोर्ट साइज कलर फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रवेश पत्र तथा एक ओरिजनल फोटो आईडी परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान अनिवार्य रूप से दिखाना होगा।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पाली, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं हरगोविन्द डिक्सेना उम्र 44 वर्ष पिता श्री रामभाउ डिक्सेना जाति कलार निवासी ग्राम पाली तहसील पाली जिला कोरबा छ.ग. का/की निवासी हूं जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता/करती हूं-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का/की निवासी हूं। 2. यह कि मेरे पुत्र चिन्मयानंद डिक्सेना का जन्म दिनांक 04/02/2014 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. में हुआ है। 3. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जारी सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम चिन्मयानंद डिक्सेना अंकित है। 4. यह कि मैं अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कराकर उसका नाम चिन्मयानंद डिक्सेना के स्थान पर सुयश डिक्सेना रखना चाहता हूं। 5. यह कि संबंधित विभाग द्वारा मेरे पुत्र के नाम से जारी सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम परिवर्तन कर चिन्मयानंद डिक्सेना के स्थान पर सुयश डिक्सेना लिखा, पढ़ा एवं समझा जावे। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी। 7. यह कि संबंधित विभाग में उपरोक्त कथन के समर्थन में मेरे द्वारा यह शपथ पत्र सादर निष्पादित है।

शपथकर्ता हरगोविन्द डिक्सेना

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक: 202406052600020
ब-121/वर्ष 2023-24
ग्राम-नकटीखार प.ह.नं. 24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202406052600020/ब-121/2023-24 ग्राम नकटीखार पक्षकार लल्लू कूजूर विरुद्ध अमृतलाल एवं अन्य में आवेदक लल्लू कूजूर पिता कंदरा कूजूर जाति उरांव निवासी एल.सी.एच/55 एसबीएस कॉलोनी एसईसीएल कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम नकटीखार स्थित भूमि पुराना खसरा नंबर 15 जिसका रिनंबर 92 एवं वर्तमान में नवीन नंबर 142/1 है में से 15/3 रकबा 0.13 एकड़ राजस्व अभिलेख बी-1 में नामांतरण कर राजस्व अभिलेखों में अमृतलाल पिता गुंजराम व घनश्याम पारिक पिता गोवर्धन पारिक का नाम हटाकर आवेदक लल्लू कूजूर का नाम बतौर मालिक एवं स्वामित्व में दर्ज करने हेतु माननीय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कोरबा के व्यवहारवाद क्रमांक 54 अ/2021 में दिनांक 04.04.2024 को पारित निर्णय का क्रियान्वयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरुस्त किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 10.07.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। ईश्तहार आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 29 जून की सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन बिलासपुर में डॉ.एम वीरप्पा मौली पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि उक्त बैठक का विषय छत्तीसगढ़ में सम्पन्न विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली पराजय की समीक्षा के संबंध में होगा। बैठक में जिले के चारो विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एंटक, जोन, बुथ के अध्यक्षगण सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षजनों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

### निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** नगर निगम के सेवानिवृत्त हुए 9 अधिकारी कर्मचारियों को निगम कार्यालय में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर निगम आयुक्त ने सेवानिवृत्त हुए इन अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया। नगर निगम के संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, सहायक कार्यालय अधीक्षक आरएस चौहान, समयपाल राजकुमार सिंह, चौकीदार शंकर पुरी, निगम कर्मचारी विश्राम टंडन, रामलाल सोनवानी, सफाईमित्र एस.गौरेया एवं चुनकाई सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को निगम कार्यालय साकेत में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। इस मौके पर आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया, शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की अपनी शुभकामनाएं दी। आयुक्त सुश्री ममगाई ने कहा कि आप सबने अपनी दीर्घ सेवा के दौरान इस संस्था को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है, आपके सहयोग के लिए निगम सदैव तत्पर रहेगा तथा जहाँ कहीं पर भी आपके अनुभवों की आवश्यकता निगम को होगी, उसका उपयोग भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सेवानिवृत्त हुए समस्त अधिकारी कर्मचारी परिवार के लिए, समाज के लिए अपना समय देंगे, मैं इसकी कामना करती हूं। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि एक अधिकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उसके जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत है, अब आप निगम की सेवा से निवृत्त होकर अपना समय घर, परिवार एवं समाज को देंगे। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला ने तथा आभार स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी के द्वारा किया गया।

### विकलांग लक्ष्मण को मिला इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल

**कोरबा।** निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में निवास करने वाला लक्ष्मण चौहान जो कि घर-घर घूम कर ब्रेड बेचने का काम करता था। बीमारी की वजह से इसका एक पर नहीं रहा। जिससे उसकी आजीविका का साधन समाप्त हो गया, घर का गुजर बसर भी बड़ी मुश्किल से हो पा रहा था। आए दिन वह कई लोगों के पास सहायता के लिए दौड़ता रहा। लोगों ने कई प्रकार से उसकी मदद भी की। अपने वार्ड के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल जी के यहां भी वह सहायता के लिए पहुंचा। हितानंद अग्रवाल ने सामर्थ्य विकास योजना के तहत प्रयास कर उसके जीवकोपार्जन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। आज लक्ष्मण चौहान साइकिल पाकर बेहद खुश है। लक्ष्मण ने बताया कि पैर न होने की वजह से वह अपना काम नहीं कर पा रहा था। इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल मिलने से उसके जीवन में नई किरण आई है, अब वह अपना पुराना काम इस साइकिल के माध्यम से कर सकेगा। बातचीत में हितानंद अग्रवाल ने बताया कि विकलांग जनों की सेवा हेतु हम हमेशा तैयार हैं, जब लक्ष्मण चौहान सहायता के लिए उनके पास पहुंचा और अपने परिवार की स्थिति बताई तो उनसे रहा नहीं गया। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग में संपर्क कर उसे योजना का लाभ दिलाया।

# सेवानिवृत कोल कर्मियों को रेंट पर मकान देने की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सेवानिवृत्ति के बाद भी कंपनी के आवास में रह रहे कोलकर्मी सेवानिवृत्ति के बाद भी कंपनी के आवास में रह सकें इसके लिए कोल इंडिया व उसकी अनुषंगी कंपनियों ने अपने सरप्लस आवास को रेंट या लीज एग्रीमेंट पर देने की योजना बनाई थी, अब यह योजना खटाई में पड़ती नजर आ रही है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया स्तर पर गठित कमेटी की पहली बैठक बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को कंपनी के सरप्लस आवास रेट, लीज या एग्रीमेंट पर देने सहमति बनी थी। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को कंपनी के सरप्लस आवास रेंट पर देने की योजना बनाई गई थी, अब यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। बीसीसीएल में आयोजित बैठक में लिए निर्णय के बाद इस योजना के क्रियान्वयन के लिए किसी तरह की कवायद नजर नहीं आई है। हालांकि इस योजना को अमल पर लाने से इससे ना सिर्फ सरप्लस आवास का सदुपयोग होगा, बल्कि कंपनी को रेंट के रूप में राजस्व की भी प्राप्ति होती। उल्लेखनीय है कि बीसीसीएल समेत पूरे कोल इंडिया व सहायक कंपनियों में वर्तमान में सैकड़ों आवास सरप्लस है। इसमें कुछ आवासों में सेवानिवृत्त कोलकर्मी जमे हुए हैं, जबकि कई आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है। कंपनी द्वारा नोटिस जारी करने के बाद भी बेजाकब्जाधारी विभागीय आवासों को खाली नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उन कर्मियों की परेशानी बढ़ गई जिन्हें विभागीय आवासों का आबंटन नहीं हुआ है।

### 20 मार्च को आयोजित कमेटी की बैठक में चर्चा के बाद निर्णय की थी उम्मीद

**खास बात**

- कोल इंडिया स्तरीय बैठक में निर्णय के बाद भी योजना का नहीं हो सका क्रियान्वयन



## वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

# गढ़कलेवा में आदतन अपराधी ने साथियों के साथ मचाया आतंक, 3 पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आपसी रंजीश को लेकर बुधवारी के एक आदतन अपराधी ने गढ़ कलेवा में जमकर आतंक मचाते हुए तीन लोगों पर जानलेवा हमला किया है। तीनों युवकों को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आदतन अपराधी सहित उसके अन्य हमलावर साथी फरार चल रहे हैं। जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है लेकिन घटना के एक दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी आरोपी को पुलिस पकड़ नहीं पाई है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी में निवासरत आदतन अपराधी सूरज हठेल व उसके एक दर्जन साथी चौपाटी स्थित गढ़कलेवा पहुंचे जहां रात के लगभग 10 बजे बुधवारी में निवास करने वाले फारुख खान 40 वर्ष, फजल अली खान 26 वर्ष व मुनव्वर खान पर लाठी डंडा व हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया जिससे तीनों युवक वहीं पर बेसुध हो गए। तीनों युवकों को अधमरा समझकर मौके से वारदात को अंजाम देने वाले युवक फरार हो गए थे। रात को ही घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस को मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां पुलिस की सहायता से गंभीर रूप से घायल फारुक खान, फजल अली खान और मुनव्वर खान को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जबकि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी मौके से भाग खड़े हुए थे। पुलिस इस मामले में सूरज हठेल सहित अन्य लोगों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है और एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है जो लगातार छापेमारी की कार्यवाही कर रही है।



अस्पताल में भर्ती युवक।

### हमलावर युवक के खिलाफ कई मामले हैं दर्ज

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवारी बाजार में निवास करने वाले सूरज हठेल आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ सिविल लाइन सीएसईबी चौकी पुलिस में चोरी लूटपाट सहित कई अन्य मामले दर्ज हैं। जिस तरह से सूरज हठेल ने गढ़कलेवा में वारदात को अंजाम दिया है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराधियों के हौसले किस तरह बुलंद हैं क्योंकि रात के समय गढ़कलेवा व चौपाटी में लोगों की भारी भीड़ रहती है इसके बाद भी रात को इस तरह की घटना को अंजाम देने से साफ है कि अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं।

# 132 केवी के सब स्टेशन कर्मी भी गए 7 दिवसीय हड़ताल पर



प्रदर्शन करते हड़ताली कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत एक सप्ताह से जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले कर्मी हड़ताल पर डटे हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीन काम करने वाले 132 केवी सब स्टेशन के ठेका श्रमिक भी 28 जून से 7 दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। निश्चित तौर पर ठेका कंपनी जेबीएस की प्रताड़ना से तंग आकर ठेका कर्मियों ने मोर्चा खोला है।

छत्तीसगढ़ ठेका श्रमिक संघ के द्वारा अपनी विलम्ब मांगों को लेकर 7 दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था और 28 जून से वे हड़ताल पर चले गए हैं। श्रमिक संघ का कहना हैं सीएसपीटीसीएल कोरबा डिविजन और मेमर्स जेबीएस कंपनी उनकी मांगो को नजरअंदाज कर रहा है। 7 माह से पीएफ 4 माह से ईएसआईसी का भुगतान रोक रखा है जिससे कर्मचारियों को पीएफ क्लेम नहीं हो पा रहा है तो ईएसआईसी से मेडिकल सुविधाये मिलना बंद हो गया है। बोनस भुगतान सब स्टेशन स्टेन्सरी का सामान और श्रम विभाग कुशल दर पर भुगतान से संबंधित शिकायत पूर्व में 4 मई को उच्च अधिकारियों को समस्यओं से अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिस कारण 132 केवी कोरबा, दर्री,चाम्पा व छुरीखुर्द के चार सबस्टेशन के सभी कर्मचारी 7 दिवसीय हड़ताल चले गए हैं।

# कोल इंडिया में वर्क्स कमेटी का नहीं होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद की अध्यक्षता में अपेक्स जेसीसी की बैठक हुई। बैठक में वर्क्स कमेटी के गठन को लेकर श्रम मंत्रालय द्वारा जारी आदेश का श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विरोध जताया। चेयरमैन ने आश्वस्त किया कि कोल इंडिया की किसी भी अनुषंगी कंपनी में वर्क्स कमेटी गठित करने के पक्ष में कोल इंडिया प्रबंधन नहीं है।

बैठक में बीएमएस के कोल प्रभारी के लक्ष्यारेड्डी ने सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने, सभी खदानों में सीमा पर बाड़ लगाने, ओसीएम सड़कों पर हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग सड़कें बनाने, एनईसी की बंद खदान शीघ्र खोलने, गुवाहाटी में मौजूदा भवन का प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने, कंपनी की मशीनों के रखरखाव पर ध्यान देने, अधिग्रहित भूमि का बड़ा हिस्सा विभागीय श्रमिकों द्वारा उत्पादन के लिए उपयोग करने, ठेका श्रमिकों के लिए एचपीसी वेतन का भुगतान, ठेकाकर्मियों का बायोमीट्रिक अटेंडेंसे, उनके परिजनों को चिकित्सा सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा आदि की मांग रखी। एटक के रमेंद्र कुमार ने बताया कि प्रबंधन ने सालाना बोनस का नया फॉर्मूला लाया गया। पहले फॉर्मूले के तहत वर्ष 2024-25 में मिलने वाली बोनस की राशि 91 हजार 800 होगी। दूसरे फॉर्मूले के तहत कुछ कम राशि मिलेगी। रमेंद्र ने बताया कि प्रबंधन के इस प्रस्ताव को सभी ट्रेड यूनियनों ने खारिज कर दिया।

**खास बात**

- एपेक्स जेसीसी की मीटिंग में ठेका श्रमिकों को एचपीसी वेतन, बायोमैट्रिक अटेंडेंस सुरक्षा का मुद्दा छाया

### बैठक में देरी को लेकर सदस्यों ने जताई नाराजगी

बैठक डेढ़ साल बाद करने पर ट्रेड यूनियन नेताओं ने नाराजगी जताई। इसे तय समय पर करने को कहा। प्रबंधन ने निर्धारित समय पर बैठक का आश्वासन दिया। डीपी विनय रंजन, सभी डायरेक्टर्स, बीएमएस के के लक्ष्मारेड्डी, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, एटक के रमेंद्र कुमार व सीटू से डीडी रामानंदन थे।

### मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल की रखी मांग

श्रमिक प्रतिनिधियों ने सभी अनुषांगिक कंपनियों में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण की मांग करते हुए रेफरल अस्पताल में कैशलैस इलाज सुनिश्चित करने की बात कही। सदस्यों ने कहा कि सभी अनुषंगी कंपनियों में सदस्यता सत्यापन और औद्योगिक संबंध की एक समान प्रणाली सुनिश्चित की जाए। बंद पड़े सभी पुराने अवकाश गृह के खोलें। अयोध्या, वाराणसी, तिरुपति, कन्याकुमारी में नए अवकाश गृह खोलने की मांग की। रेड्डी ने बताया कि प्रबंधन ने विचार का आश्वासन दिया।

### 24 जुलाई तक मनाया जाएगा विश्व जनसंख्या दिवस

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 जून से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के तीन भागों में बांटा गया है। प्रारंभिक चरण में पखवाड़ा के सुचारू रोल आउट सुनिश्चित करने की तैयारियों पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विषेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा तथा परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा तथा समस्त स्थानों पर कमोडिटी की उपलब्धता, सेवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण इत्यादि की व्यवस्था सुनिष्चित किया जाएगा। 27 जून से 10 जुलाई तक लक्ष्य दंपती पखवाड़े में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, तथा मितानिनों के द्वारा जागरूकता हेतु सही समय पर विवाह, स्वास्थ्य जन्म अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरूष सहभागिता एवं गर्भपात उपरांत परिवार नियोजन, तथा परिवार नियोजन के गर्भनिरोधक की जानकारी दी जाएगी। 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पखवाड़े में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन, जिला चिकित्सालय तथा विकासखण्डों में पुरूष एवं महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामों के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण अंचल में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की कवायद अनवरत चलने वाले कार्य हैं। उसके बावजूद कुछ वनांचल ग्राम ऐसे हैं जहां के निवासी सप्ताह में दो दिन आने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं की सेवाओं पर निर्भर रहते हैं। ऐसे ही ग्राम हैं फुटका पहाड़ रोड के किनारे बसे वनांचल ग्राम जहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा प्रशासन स्तर पर लगातार की जाती है। उसके बावजूद कई ग्रामीण अंचल ऐसे हैं जहां सप्ताह में दो दिन पहुंचने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भरोसे वहां की स्वास्थ्य सुविधा चलती है। ऐसे ही ग्रामों में बालको नगर से फुटका पहाड़ रोड स्थित ग्राम गहनिया, फुटामुड़ा, खेतार, पतरापाली, केसलपुर, दुधीटांगर, तिलाईडांड, सरईडेरा शामिल है। ये गांव अजगरबाहर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत आते हैं जिसकी दूरी इन ग्रामों से सड़क मार्ग से 25 किलोमीटर दूर है। वहीं जंगली रास्ते से यह दूरी 10 किलोमीटर के लगभग है। हालांकि ग्राम बेला में स्थापित उपस्वास्थ्य केन्द्र से दवाईयों का वितरण होता है और गांव में मितानिन पदस्थ हैं, किंतु पहाड़ी मार्ग में स्थित इन ग्रामों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधओं के लिए या तो जिला चिकित्सालय आना पड़ता है। आसपास उपस्वास्थ्य केन्द्र भी नहीं है, दो दिन ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण व दवाई वितरण करने के लिए पहुंचते हैं। शेष बड़े बीमारियों को लेकर यहां के ग्रामीण जिला चिकित्सालय का ही सहारा लेते हैं। उपस्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा हेतु स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से लेकर चुनाव के समय गांव आने वाले जनप्रतिनिधियों को भी इस संबंध में अवगत कराया है। किंतु उनकी इस मांग पर अब तक गंभीरता नहीं बरती गई।

**खास बातें**

- फुटका पहाड़ रोड स्थित ग्रामों में उप स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं
- सप्ताह में दो दिन पहुंचते हैं स्वास्थ्य कार्यकर्ता



पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्य।

### संक्रामक बीमारियों का खतरा

फुटका पहाड़ रोड पर स्थित ये आठ ग्राम गहनिया, फुटामुड़ा, खेतार, पतरापाली, केसलपुर, द्धुधीटांगर, तिलाईडांड, सरईडेरा के निवासी पहाड़ी नाले के पानी का उपयोग करते हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। क्लोरीन गोली, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव का कार्य भी इन पहाड़ी ग्रामों में नाम मात्र का होता है। डायरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों को लेकर ये पहाड़ी गांव हमेशा संवेदनशील रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी शिविर लगाकर डायरिया जैसी बीमारियों पर नियंत्रित तो किया है, किंतु लगातार और हमेशा इन पहाड़ी ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसके लिए इन पहाड़ी ग्रामों के बीच उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना अब बढ़ती आबादी के बीच जरूरी हो गई है।

## वैध दस्तावेज निर्धारित शुल्क पर दी गई सुविधा

# टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले लोगों को मिलेगा मासिक पास


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतमाला परियोजना अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पथरापाली से कटघोरा रा.रा.क्र. 130 लम्बाई (39.3 कि.मी.) का निर्माण राजमार्ग एवं परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा से लिम्हा टोल प्लाजा तक चार लेन खण्ड की लम्बाई 61 किमी है एवं लिम्हा टोल प्लाजा से मदनपुर टोल प्लाजा तक की शेष चार लेन सड़क की दूरी 31 किमी है। पथरापाली-कटघोरा खण्ड की कुल लम्बाई 39.3 किमी से केवल 31.08 किमी हेतु मदनपुर टोल प्लाजा पर 2 अगस्त से टोल कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है।

एनएच के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग फीस नियम, 2008 खण्ड 8 (2) में 60 किमी के भीतर टोल प्लाजा स्थापना हेतु प्रावधान है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के उसी सेक्शन पर और एक ही दिशा में 60 किलोमीटर की दूरी के भीतर कोई अन्य पथ पर प्लाजा स्थापित नहीं किया जाएगा, परंतु जहाँ निष्पादन प्राधिकारी आवश्यक समझे वहाँ वह लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, 60 किलोमीटर की दूरी केभीतर कोई अन्य पथकर प्लाजा स्थापित कर सकेगा या स्थापित करने के लिए रियायतग्राही को अनुज्ञान कर सकेग। परंतु ऐसा पथकर प्लाजा दूसरे पथकर प्लाजा से साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर स्थापित किया जा सकेगा, यदि ऐसा पथकर प्लाजा स्थायी पुल, उपमार्ग या सुरंग की लिए फीस के संग्रहण के लिए है। इस आधार पर सक्षम प्राधिकारी/निष्पादन अधिकारी द्वारा 27 नवंबर 2019 को स्टैंडिंग फाइनैंस कमिटी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की बैठक में अनुमोदन पश्चात पथरापाली-कटघोरा खण्ड चैनेज संख्या 82$000 पर मदनपुर टोल प्लाजा का निर्माण किया गया है। जिसकी अधिसूचना का भारत के राजपत्र का.आ. 2567 (अ) 12 जून 2023 द्वारा प्रकाशन किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग फीस (दरों का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार टोल प्लाजा से 20 किमी के अंतर्गत निवासरत वाहन चालकों द्वारा संबंधित टोल प्लाजा में वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क पर मासिक पास प्राप्त किया जा सकता है।

**खास बात**

- एनएचआई ने जारी किए निर्देश



टोल प्लाजा।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780